वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 15 दिसंबर 2021

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

कैलाश सत्यार्थी होंगे 67वे अभाविप अधिवेशन के मुख्य अतिथि

जबलपुर में 24 दिसम्बर से होने वाले अभाविप के 67वें राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में नोबल पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी रहेंगे।

श्री कैलाश सत्यार्थी एक भारतीय समाज सुधारक हैं जिन्होंने भारत में बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया और शिक्षा के सार्वभौमिक अधिकार की वकालत की। बच्चों और युवाओं के दमन के खिलाफ और सभी बच्चों की शिक्षा के अधिकार के उनके संघर्ष के लिए वर्ष 2014 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त हुआ। वह बचपन बचाओ आंदोलन, ग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबर, ग्लोबल कैंपेन फॉर एजुकेशन और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता संगठनों के संस्थापक हैं।

विदित हो कि 24 -26 दिसम्बर को अभाविप का राष्ट्रीय अधिवेशन संस्कार-धानी जबलपुर में होने जा रहा है। इस अधिवेशन में देश के सभी हिस्सों से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। वर्ष भर की दिशा को लेकर इस अधिवेशन में युवा मंथन करेंगे एवं प्रस्ताव भी पारित करेंगे। मुख्य अतिथि अधिवेशन के उद्घाटन सत्र एवं प्रतिष्ठित प्रो यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार के वितरण में सहभागी होंगे।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा “हमारा सौभाग्य है कि राष्ट्रीय अधिवेशन में युवाओं को प्रेरणा देने वाले व्यक्तित्व हमारे बीच में उपस्थित होंगे। श्री कैलाश सत्यार्थी के विचार निश्चित ही सबको प्रेरणा देंगे। विद्यार्थी परिषद परिवार उनका दिल से स्वागत करता है।”

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री सुमित पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)